महाविद्यालय के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता

दिनांक 15 नवम्बर, 2025

राजकीय महाविद्यालय संजौली के हिंदी विभाग और साहित्य परिषद के विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय ठियोग में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्नातक तथा हिंदी स्नातकोत्तर कक्षाओं के कुल 10 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। संगोष्ठी का मुख्य विषय “साहित्य में समकालीनता” था, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी साहित्य में समकालीनता के विविध आयामों का गहन अध्ययन किया। इस सहभागिता से विद्यार्थियों को साहित्य के विभिन्न कालखंडों, उनकी विशेषताओं तथा उस समय की सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में आलोचनात्मक दृष्टि का विकास किया और साहित्य के बहुआयामी स्वरूप को जानने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर साहित्य परिषद के संयोजक डॉ राकेश शर्मा, हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ दिनेश नेगी, डॉ अरुण, डॉ आदित्य सिंह दुल्टा व प्रो० सतपाल शर्मा भी मौजूद रहे।